**Need to establish a Navodaya Vidyalaya in Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra- Laid.**

श्रीमती स्मिता उदय वाघ **(**जलगांव**) :** नवोदय विद्यालयों ने ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । ये विद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं**,** बल्कि संस्कृति**,** नैतिक मूल्यों**,** साहसिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करते हैं**,** जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है । जलगांव जिला**,** जो देश के सबसे बड़े जिलों में से एक है**,** दो लोकसभा क्षेत्रों ? जलगांव और रावेर ? में विभाजित है । जलगांव लोकसभा क्षेत्र (महाराष्ट्र) में अभी तक कोई नवोदय विद्यालय नहीं है । यह इस क्षेत्र के ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी शैक्षिक असमानता है । जलगांव लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं**,** जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता है । यदि यहां एक नवोदय विद्यालय स्थापित किया जाता है**,** तो यह न केवल क्षेत्र की शैक्षिक व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा**,** बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा । अतः मैं केंद्र सरकार से जलगांव लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में शीघ्र ही एक नवोदय विद्यालय स्थापित करने की अपील करती हूँ**,** जिससे यहाँ के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक शिक्षा प्राप्त हो सके ।